# THAAD, UNIFIL और ड्रैगन ड्रोन

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स


## चर्चा में क्यों?

हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका ने इज़रायल को एक THAAD बैटरी भेजी और इस क्रम में इज़रायली टैंकों ने लेबनान में UNIFIL पर हमला किया।

- एक अन्य घटनाक्रम में रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों द्वारा **ड्रैगन ड्रोन के उपयोग को देखा गया।**

## टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD) क्या है?

- **THAAD का अवलोकन:** THAAD एक उन्नत **अमेरिकी एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली** है जिसे छोटी, मध्यम और मध्यवर्ती दूरी की **मिसाइलों को रोकने एवं नष्ट करने** के लिये डिज़ाइन किया गया है।
    - इसमें "हिट-टू-किल" दृष्टिकोण का उपयोग किया गया है जहाँ एक इंटरसेप्टर मिसाइल, विस्फोटकों के बजाय **केवल प्रभाव बल का उपयोग करके अपने लक्ष्य से सीधे टकराकर** उसे नष्ट कर देती है।
    - हालाँकि, यह प्रणाली ड्रोन जैसी **निम्न ऊँचाई पर उड़ान वाली वस्तुओं का पता लगाने में सक्षम नहीं है।**
- **विकास:** अमेरिका ने **वर्ष 1991 के खाड़ी युद्ध** के दौरान **इराक के स्कड मिसाइल हमलों** (जिसमें कई अमेरिकी सैनिक मारे गए थे) **के बाद THAAD का विकास किया।**
- **THAAD की तैनाती: वर्ष 2008** में अमेरिका ने **THAAD प्रणाली** के एक भाग के रूप में **प्रारंभिक मिसाइल चेतावनी रडार को** इज़राइल में तैनात किया। मिसाइलों को रोकने की इज़राइल की क्षमता को बढ़ाने के लिये **वर्ष 2012** और **वर्ष 2019 में भी इसी तरह की तैनाती** की गई थी।




## ड्रैगन ड्रोन क्या हैं?

- **परिचय:** ड्रैगन ड्रोन **घातक UAV हैं जो थरमाइट** से लैस होते हैं।
    - **थरमाइट एल्युमीनियम और आयरन ऑक्साइड** का मिश्रण है, **जिसे रेल की पटरियों को वेल्ड** करने के लिये विकसित किया गया है।
- **ड्रैगन ड्रोन की कार्यप्रणाली: विद्युत फ्यूज** द्वारा थरमाइट को सक्रिय करने के साथ एक **स्व-अभिक्रिया को सक्रिय किया जाता है,** जिसे **रोकना अत्यंत कठिन** होता है।
    - **इससे सैन्य वाहनों, पेड़ों और यहाँ तक कि जल के नीचे** विभिन्न सामग्रियों को जलाया जा सकता है।
- **रूस-यूक्रेन युद्ध में तैनाती:** यूक्रेनी सेना ने इनका उपयोग **उन वनस्पतियों को जलाने के लिये किया था,** जिनका उपयोग रूसी सैनिक कवर के रूप में करते थे।

- रूस ने जल्द ही जवाबी कार्रवाई में ड्रैगन ड्रोन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

- **युद्ध में थर्माइट का इतिहास:** [प्रथम विश्व युद्ध](#) के दौरान **जर्मन ज़ेपेलिस द्वारा** थर्माइट से भरे बम गिराए गए, जिसे उस समय एक नवाचार माना गया।
  - [द्वितीय विश्व युद्ध](#) में [मित्र राष्ट्रों और धुरी राष्ट्रों](#) ने अपने बमों और हथगोले में थर्माइट को शामिल किया था।
  - **ऐसे हथियारों को वस्तुओं को जलाने** या ज्वाला एवं ऊष्मा के माध्यम से **श्वसन संबंधी क्षति पहुँचाने** के लिये डिज़ाइन किया जाता है।
- **युद्ध में थर्माइट की विधिक स्थिति:** युद्ध में थर्माइट का उपयोग अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत **प्रतिबंधित नहीं है लेकिन आग लगाने वाले हथियारों को नागरिकों के खिलाफ उपयोग करने से** [कतिपय पारंपरिक हथियारों पर कन्वेंशन](#) द्वारा **निषिद्ध किया गया है।**
  - कतिपय पारंपरिक हथियारों पर कन्वेंशन के **प्रोटोकॉल III के अनुसार इनका उपयोग केवल सैन्य लक्ष्यों तक ही सीमित है।**

## लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (UNIFIL) क्या है?

- **UNIFIL बेस पर सेंध:** दो इज़रायली **मरकवा टैंक दक्षिणी लेबनान में UNIFIL बेस** के **दरवाज़ों को तोड़कर अंदर घुस गए** और विषैला धुआँ छोड़ा, जिसके कारण 15 संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक बीमार हो गए।
  - इज़रायल के प्रधानमंत्री ने लेबनान के **युद्ध क्षेत्रों** से UNIFIL सैनिकों को **वापस बुलाने का आग्रह किया** तथा दावा किया कि उनकी उपस्थिति अप्रत्यक्ष रूप से [हिज़्बुल्लाह](#) **को सुरक्षा प्रदान करती है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन: UNIFIL ने इज़रायल के हमलों को अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून** और **संकल्प 1701** का उल्लंघन बताया, जो शांति सैनिकों की आवागमन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है।
- **यूनिफिल की भूमिका: वर्ष 1978** में स्थापित, UNIFIL **संकल्प 1701 को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है, जो यह अनिवार्य करता है कि** [ब्लू लाइन](#) **और लितानी नदी** के बीच केवल लेबनानी राज्य बल और यूनिफिल ही मौजूद रहें।
  - **प्रस्ताव 1701 को वर्ष 2006** में सर्वसम्मति से अपनाया गया था, इसका उद्देश्य **हिज़्बुल्लाह और इज़रायल के बीच शत्रुता को समाप्त करना है।**
- **ब्लू लाइन:** ब्लू लाइन **लेबनान की दक्षिणी सीमा और इज़रायल की उत्तरी सीमा** पर **120 किमी तक फैली हुई है।**
  - यह कोई सीमा नहीं है, बल्कि **वापसी की रेखा है। इसे** [संयुक्त राष्ट्र](#) **ने वर्ष 2000** में लेबनान के दक्षिण से इज़रायली सेना की वापसी की पुष्टि के लिये निर्धारित किया था।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs)

### ??????????

**Q. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित "टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD)" क्या है? (2018)**

(a) इज़रायल की एक रडार प्रणाली
(b) भारत का घरेलू मिसाइल प्रतिरोधी कार्यक्रम
(c) अमेरिकी मिसाइल प्रतिरोधी प्रणाली
(d) जापान और दक्षिण कोरिया के बीच एक रक्षा सहयोग

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न: भूमध्य सागर निम्नलिखित में से किस देश की सीमा है? (2017)**

1. जॉर्डन
2. इराक
3. लेबनान
4. सीरिया

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/thaad,-unifil-and-dragon-drones